संवाद | निगमायुक्त ने स्वच्छता का लिया जायजा, दुकानदारों से संवाद कर लिया फीडबैक

# भिक्षावृत्ति से 85 प्रतिशत मुक्त हुआ नर्मदा का गौरीघाट





गौरीघाट के प्रत्येक दुकानदार अब स्वच्छता प्रहरी के रूप में कार्य करेंगे। वे न केवल अपनी दुकान के पास सफाई रखेंगे, बल्कि आने वाले श्रद्धालुओं को भी कचरा न फैलाने और माँ नर्मदा को स्वच्छ रखने के लिए प्रेरित करेंगे।

**नवभारत, जबलपुर।** नर्मदा तट गौरीघाट 85 प्रतिशत भिक्षावृत्ति से मुक्त हो गया है। मां नर्मदा का पावन तट गौरीघाट अब एक नई पहचान की ओर अग्रसर है। नगर निगम के सर्वेक्षण में चिन्हित कुल 367 भिक्षुओं में से 85 प्रतिशत को सफलतापूर्वक अन्यत्र शिफ्ट कर दिया गया है। यह पुनर्वास की एक सकारात्मक पहल है। शेष भिक्षुओं के लिए योजना आयुक्त ने स्पष्ट किया है कि बचे हुए भिक्षुओं को भी जल्द ही यहां से अलग कर समाज की मुख्यधारा और आजीविका से जोड़ने का प्रयास जारी है, ताकि वे स्वाभिमान के साथ अपना जीवन यापन कर सकें। निगमायुक्त राम प्रकाश अहिरवार के मार्गदर्शन में किए गए विशेष प्रयासों से गौरीघाट न केवल स्वच्छता के लिए बल्कि मानवीय दृष्टिकोण से भिक्षावृति मुक्त होने की दिशा में भी बड़ी सफलता हासिल की है। निरीक्षण के दौरान निगमायुक्त ने मां नर्मदा के तट पर स्वच्छता व्यवस्था की गहन समीक्षा की और दुकानदारों से फीडबैक भी लिया ।

### स्वच्छता प्रहरी की भूमिका में दिखेंगे दुकानदार

निरीक्षण के दौरान निगमायुक्त ने सभी दुकानदारों से सीधा संवाद कर फीडबैक लिया और एक अनूठी पहल की शुरुआत की।

### श्रद्धालुओं की सुरक्षा में कोई कोताही नहीं होगी



बरगी क्रूज हादसे के बाद नगर निगम अलर्ट मोड में दिखा और निगमायुक्त रामप्रकाश अहिरवारे निगम की पूरी टीम के साथ गौरीघाट पहुंचे जहां नाविकों को बुलाकर उनसे संवाद स्थापित किया और श्रद्धालुओं की सुरक्षा के संबंध में जानकारी ली गई। इस दौरान नाविकों द्वारा लाइफ जैकेट की व्यवस्था होने की बात कही और उन सभी ने निगमायुक्त को यह भी कहा कि श्रद्धालुओं की सुरक्षा में कोई कोताही नहीं की जायेगी और न ही नाव संचालन में कोई लापरवाही की जायेगी। निगमायुक्त ने बिना लाइफ जैकेट के गौरीघाट के सभी तटों पर नाव संचालन व्यवस्था पर प्रतिबंध लगा दिया है। उन्होंने शहर के सभी सम्माननीय श्रद्धालुओं से भी अपील की है कि मौसम को देखते हुए सुरक्षा भाव को दृष्टिगत रखते हुए नौकाबिहार करने से बचें।





# फातिमा माता मरियम वार्षिक भक्ति का शुभारंभ

**75वीं वर्षगांठ और अश्रुधारा रजत जयंती पर श्रद्धा का उमड़ा सैलाब**

**नवभारत,जबलपुर।** संस्कारधानी जबलपुर स्थित सेंट थॉमस स्कूल परिसर में फातिमा की माता मरियम के पावन तीर्थस्थल पर शनिवार को वार्षिक भक्ति का शुभारंभ पवित्र ध्वजारोहण के साथ अत्यंत श्रद्धा और उत्साह से किया गया। इस वर्ष तीर्थस्थल की स्थापना के 75 वर्ष पूर्ण होने तथा माता मरियम की अश्रुधारा प्रकट होने की 25वीं वर्षगांठ (रजत जयंती) के अवसर पर विशेष आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत श्रद्धालुओं के भव्य जुलूस से हुई, जिसमें पवित्र ध्वज के साथ विश्वासियों ने श्रद्धापूर्वक भाग लिया। तीर्थस्थल पहुंचने पर मुख्य याजक फादर बिपिन खालको ने ध्वज को आशीषित किया। इसके पश्चात सुश्री जेनिफर डेनियल एवं उनके परिवार द्वारा प्रायोजित पवित्र ध्वज को विधिवत आरोहित किया गया।

### माता मरियम के दर्शन पाने वाले तीनों बच्चे धन्य थे

पावन ख्रीस्तयाग अर्पित करते हुए फादर बिपिन खालको ने कहा कि माता मरियम के दर्शन पाने वाले तीनों बच्चे धन्य थे, जिनका विश्वास और अधिक दृढ़ हुआ। उन्होंने श्रद्धालुओं से आह्वान किया कि वे भी प्रभु यीशु के सच्चे शिष्य बनकर विश्वास में अडिग रहें। उन्होंने कहा कि 'पापों से मुक्त होकर ही अनंत जीवन संभव है' और सच्ची भक्ति दिखावे से नहीं, बल्कि ईश्वर के वचनों पर चलने से पूर्ण होती है। उल्लेखनीय है कि पुर्तगाल के फातिमा गांव में 13 मई 1917 को माता मरियम ने तीन बच्चों को दर्शन दिए थे। इसी स्मृति में जबलपुर में निर्मित यह तीर्थस्थल विभिन्न धर्मों के श्रद्धालुओं के लिए आस्था का प्रमुख केंद्र बन चुका है, जहां हर वर्ष श्रद्धा, भक्ति और विश्वास का अद्भुत संगम देखने को मिलता है।

### नवीना प्रार्थना में सहभागिता की अपील

श्राइन प्रबंधन के चैपलिन फादर बिपिन खालको ने सभी श्रद्धालुओं से 4 मई से प्रारंभ होने वाली मिस्सा पूजा एवं नवीना प्रार्थनाओं में शामिल होने की अपील की। उन्होंने सभी भक्तों को मई माह की भक्ति के लिए शुभकामनाएं भी दीं।

## एक नजर में



### श्रमिक सम्मान समारोह में राजयोग का संदेश

**नवभारत,जबलपुर।** अंतर्राष्ट्रीय श्रमिक दिवस के अवसर पर ब्रह्माकुमारी सेवा केंद्र शक्ति नगर में श्रमिक सम्मान समारोह आयोजित किया गया। डॉ. एस.के. पांडे एवं डॉ. पुष्पा पांडे ने राजयोग और नैतिक मूल्यों पर मार्गदर्शन दिया। कुलदीप ने श्रमिकों के योगदान पर विचार रखे। सेवा केंद्र की संचालिका बी.पी. कविता बहन ने सभी श्रमिकों को तिलक लगाकर अंगवस्त्र भेंट कर सम्मानित किया।



### विश्वदीप बुद्ध विहार में श्रद्धा और भक्ति का संगम

**नवभारत,जबलपुर।** विश्वदीप बुद्ध विहार रामपुर छापर में भगवान गौतम बुद्ध की 2570वीं जयंती धूमधाम से मनाई गई। कार्यक्रम में टी.डी. हुमने, सिद्धार्थ खरे, कृपा खरे एवं वंदना गायकवाड ने बुद्ध एवं डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमाओं पर पुष्प अर्पित किए। उपासिकाओं ने वंदना एवं परित्राण पाठ किया। कार्यक्रम में सुरेंद्र इंगले, नीलेश सोमकुंवर, आनंद कल्पंडे, धमेंद्र तांबे, सतीश तभाने, वीरेंद्र बुद्ध, अनिता कांबले, निधि तंभाने, मीना खापर्डे एवं अन्य सदस्य उपस्थित रहे। अंत में खीर एवं फल का प्रसाद वितरण किया गया।



### घमापुर में मनाई बुद्ध की 2570वीं जयंती

**नवभारत, जबलपुर।** घमापुर स्थित बोधिसत्व नागार्जुन महाविहार संघ में बौद्ध विहार संघ एवं महिला मंडल के तत्वावधान में तथागत गौतम बुद्ध की 2570वीं त्रिगुण पावन पूर्णिमा एवं जयंती श्रद्धा एवं उल्लास के साथ मनाई गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता आयुष्मान राजेश जनबन्धु ने पंचशील ध्वजारोहण कर बुद्ध प्रतिमा पर दीप प्रज्ज्वलन एवं पुष्प अर्पित कर की। मुख्य अतिथि पार्षद अविनाश चमकेल तथा विशिष्ट अतिथि प्रो. देवीलता राउत ने बुद्ध एवं डॉ. भीमराव आम्बेडकर की प्रतिमाओं पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। सचिव आयुष्मान धर्मशील चाटे ने उपस्थित उपासक-उपासिकाओं को जयंती की शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर वंदना मेश्राम, सविता लोखंडे, माधुरी गजभिये, कविता सहारे एवं हर्षिका गोलाईत द्वारा बुद्ध वंदना एवं परित्राण पाठ किया गया। आयोजन में राजेश जनबन्धु, सिद्धार्थ उरकुडे, आशीष गजभिये, नितिन गजभिये, संजय उरकुडे, धर्मशील चाटे, उमाकांत गजभिये, जे.एन. रामटेके, वीरेन्द्र बौद्ध, सुनील गजभिये, पूर्णिमा वानखेडे, माधुरी गजभिये, सुचित्रा भोवते, सविता लोखंडे, कविता सहारे सहित समिति के सदस्य उपस्थित रहे।



# श्रमिक दिवस पर जरूरतमंदों को सामग्री वितरण

**दिगंबर जैन महिला परिषद ने श्रमिकों को दी चप्पल, पानी व खाद्य सामग्री**

**नवभारत,जबलपुर।** अखिल भारतवर्षीय दिगंबर जैन महिला परिषद, लार्डगंज शाखा द्वारा श्रमिक दिवस पर सेवा कार्य करते हुए श्रमिकों को चप्पल, पानी की बोतल, सत्तू, बिस्किट एवं गमछे वितरित किए गए। कार्यक्रम डॉ. कुसुम जैन के सौजन्य से स्व. एडवोकेट राजेंद्र जैन की स्मृति में आयोजित किया गया। संभाग अध्यक्ष संध्या जैन शांत सहित मणी दीदी, साधना जैन, निशा जैन, कोमल जैन, अनीता जैन, श्वेता जैन, कल्पना जैन, सुनीता मैक्स, पुष्पा जैन, शशि जैन, स्वाति जैन एवं अंजू जैन ने सक्रिय सहभागिता निभाई। शाखा अध्यक्ष मीना जैन बड़कुल, सचिव संजना जैन एवं कोषाध्यक्ष भानुप्रिया जैन ने कार्यक्रम का सफल संचालन किया।



### कर्मचारी संघ की मांगों पर शिक्षकों को मिला लाभ

**नवभारत,जबलपुर।** मध्यप्रदेश राज्य कर्मचारी संघ के अभ्यास वर्ग में प्रदेश महामंत्री जितेंद्र सिंह ने कहा कि शिक्षकों की पात्रता परीक्षा (टीईटी) की मांग संघ द्वारा शासन स्तर तक पहुंचाई गई, जिसका लाभ अब शिक्षकों को मिल रहा है। प्रदेश अध्यक्ष हेमंत श्रीवास्तव सहित अनिल एडविन, रजनीश विश्वकर्मा, के.वी. मेवाड़, राजकुमार चंदेल, सुभाष शर्मा, आभा शर्मा, विभा शुक्ला, जितेंद्र शाक्य, बिनीता विश्वकर्मा एवं विजय रैकवार उपस्थित रहे। जिला स्तर पर अटल उपाध्याय, विवेक रंजन शुक्ला, देवेंद्र पचौरी, आलोक अग्निहोत्री, सुनील पचौरी, राम शंकर शुक्ला, एस.पी. बाथरे, सतीश उपाध्याय, अजय दुबे, रजनीश पांडेय, परसराम तिवारी, अर्जुन सोमवंशी, सुशील गुप्ता एवं विपिन शर्मा ने आयोजन की सराहना की।

### गोपालपुर में बुद्ध जयंती महोत्सव आज


**नवभारत,जबलपुर।** प्राचीन बौद्ध मठ गोपालपुर संयुक्त संघर्ष समिति द्वारा 3 मई को लम्हेटा घाट में बुद्ध जयंती महोत्सव आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम में सामूहिक वंदना, भिक्षु संघ को भोजन दान, अतिथि उद्बोधन एवं प्रसाद वितरण होगा। मुख्य अतिथि डॉ. पुष्पेंद्र, विधायक नीरज सिंह लोधी एवं अध्यक्षता रामरतन यादव करेंगे। विशिष्ट अतिथि के रूप में दयानंद हर्ले एवं ममता तेम्भुर्णे उपस्थित रहेंगे। आयोजन समिति के बैजनाथ कुशवाहा, देवेश चौधरी, मनोज बाघमारे, मूलचंद मौरे, घनश्याम यादव, संतोष मराठा, सीताराम पटेल, रामकुमार पटेल, अशोक शेन्डे, उमाकांत गजभिये, सिद्धार्थ खरे, दीपक सहारे, प्रशांत बागड़े, पंकज मेश्राम एवं इंद्र कुमार कुलस्ते ने अधिकाधिक उपस्थिति की अपील की।

### बरगी बांध क्रूज हादसे में मृतकों को श्रद्धांजलि

**नवभारत,जबलपुर।** बरगी बांध क्रूज दुर्घटना में मृत आत्माओं को श्रद्धांजलि अर्पित करने हेतु कायस्थ महासभा चित्रगुप्त महाराज सेवा ट्रस्ट द्वारा शोक सभा का आयोजन किया गया। सभा में उपस्थित सभी लोगों ने दो मिनट का मौन रखकर दिवंगतों को श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर राष्ट्रीय महामंत्री सहेन्द्र श्रीवास्तव ने घटना को अत्यंत हृदय विदारक बताते हुए क्रूज के रखरखाव पर सवाल उठाए। प्रदेश अध्यक्ष अमेन्द्र नारायण श्रीवास्तव एवं प्रांतीय उपाध्यक्ष पियूष वर्मा ने भी संबंधित विभाग के अधिकारियों द्वारा सुरक्षा खामियों की अनदेखी पर चिंता जताई। श्रद्धांजलि सभा में डॉ. विनोद श्रीवास्तव, संतोष श्रीवास्तव, अखिलेश ब्यौहार, चन्द्र प्रकाश श्रीवास्तव, सचिन खरे सहित अन्य चित्रांश बंधुओं ने नम आंखों से श्रद्धांजलि अर्पित की।

# बैशाख पूर्णिमा पर मां नर्मदा की प्राण प्रतिष्ठा

**महावीर कॉलोनी में निकली शोभायात्रा**



**नवभारत, जबलपुर।** बैशाख पूर्णिमा के अवसर पर महावीर कॉलोनी स्थित शिव कुटी मंदिर में माँ नर्मदा की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ संपन्न हुई। कार्यक्रम में भव्य शोभायात्रा निकाली गई, जिसमें कलशधारी महिलाएं बैंड-बाजे के साथ शामिल हुईं। दंडी स्वामी कालिकानंद सरस्वती एवं महामंडलेश्वर स्वामी राधेचैतन्य के आशीर्वाद से आयोजन सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में महंत चंद्रशेखरानंद, पं. नीरज पाठक, पं. अश्वनी शुक्ला, पं. सुनील द्विवेदी, संदीप जैन, अनिल उसरेटे, विजय साहू, गणेश सोनी, जय ईशवानी, अशोक मिश्रा, कौशलेश पांडे, जितेन्द्र शर्मा, डी.सी. भट्ट, अजय यादव, राबिन रजक, पूरन सिंह राजपूत एवं महेश वर्मा की उपस्थिति रही।

# कृषि नीति में बदलाव और बजट बढ़ाने की उठी मांग

**भारत कृषक समाज की राष्ट्रीय बैठक में रखे अहम प्रस्ताव**



**नवभारत, जबलपुर।** भारत कृषक समाज की राष्ट्रीय कार्यकारिणी बैठक राष्ट्रीय अध्यक्ष अजय वीर जाखड़ की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में देशभर से आए प्रतिनिधियों ने किसानों की समस्याओं पर गंभीर चर्चा की। राष्ट्रीय उपाध्यक्ष इंजी. के.के. अग्रवाल ने बताया कि किसानों की समस्याओं को लेकर नीति आयोग, कृषि लागत मूल्य आयोग और केंद्र सरकार के अधिकारियों के साथ लगातार संवाद किया जा रहा है। बैठक में कृषि बजट बढ़ाने, समर्थन मूल्य, मंडी व्यवस्था, आयात-निर्यात नीति और बढ़ती लागत जैसे मुद्दों पर विचार हुआ। साथ ही मांग की गई कि नीति निर्धारण में वास्तविक किसान प्रतिनिधियों को शामिल किया जाए। बैठक में लोकेन्द्र सिंह, मुरलीधर पाटिल, डॉ. वसंत लुंगे, के.आर. अंडूगौडर, मेजर मनमोहन सिंह, सुखपाल भुल्लर, चांदबीर सिंह, मनोज सिंह हजारी, प्रदीप मोहंती, देबा स्मिता, चौधरी भारत सिंह, हसानू जमाल, मनोज झा, डॉ. आर.एस. जाखड़ एवं विजय दीक्षित सहित कई प्रतिनिधियों ने सुझाव दिए।

संगीत संध्या | शहीद स्मारक में सजी संगीत संध्या, कलाकारों ने दी भावपूर्ण प्रस्तुतियां

# 'इशारों-इशारों में' गूंजे सुर, आशा भोंसले को दी गीतांजलि





**नवभारत,जबलपुर।** सुरों की मल्लिका आशा भोंसले को समर्पित 'गीतांजलि' कार्यक्रम शहीद स्मारक में भव्य रूप से आयोजित किया गया। कार्यक्रम में पूर्व जिला-सत्र न्यायाधीश चंद्रेश खरे एवं संदीप जैन वैष्णव ने आशा भोंसले की गायकी को अद्वितीय बताया। कार्यक्रम का आयोजन गुंजन कला सदन एवं संस्कारधानी आर्टिस्ट ऑर्गनाइजेशन द्वारा किया गया। दीप प्रज्ज्वलन सुरेश सराफ, हिमांशु तिवारी, कौशल्या गोंटिया एवं इंदिरा पाठक ने किया। अतिथियों का स्वागत अभिषेक अग्रवाल, उमेश जैन, राजेश गुप्ता, इंजी. प्रदीप जैन, अरुण पवार, मयूर डेंगरा, भारत अग्रहरि, कमलेश चढ़ार, सुमन ठाकुर एवं अखिल मदान ने किया। डॉ. रजनीश गर्ग, सुरेश सराफ, लायन नरेंद्र जैन एवं विजय जायसवाल ने कलाकार बबलू मैथ्यूज, तृप्ति निगम एवं कमलेश नायक को सम्मानित किया। कार्यक्रम का संचालन प्रतुल श्रीवास्तव एवं राजेश पाठक ने किया।

### 20 से अधिक गीत किए प्रस्तुत

द्वितीय चरण में बबलू मैथ्यूज के संगीत निर्देशन में तेजल विश्वकर्मा, जय क्षत्रिय, मुन्ना गूजर, राखी मजूमदार, दिलीप कोरी, कंचन, संध्या पांडेय, विशाल एवं निधि सिंह ने 20 से अधिक गीत प्रस्तुत किए। वाद्य यंत्रों पर जतिन छिपेलकर, शाजी वर्गिस, मनोज, लकी एवं अंकुर झा ने संगत दी। अंत में आभार नवनीत श्रीवास्तव एवं अभिषेक अग्रवाल ने व्यक्त किया।

# गुरु अमरदास प्रकाशोत्सव आज गुरुद्वारों में गूंजेगी गुरुवाणी

**गौरीघाट में होगा मुख्य आयोजन**



**नवभारत,जबलपुर।** सिख धर्म के तीसरे गुरु अमरदास जी का पवित्र प्रकाशोत्सव गुरुपर्व समारोह प्रतिवर्षानुसार आज 3 मई को पुण्य सलिला नर्मदा के परले तट पर स्थित गुरुद्वारा गौरीघाट साहिब में प्रातः 10 बजे से अपराह्न 2 बजे तक अमृतरस कीर्तन दरबार के साथ मनाया जाएगा। इसमें रागी जत्था नरेन्द्र सिंह, सतनाम सिंह, मनप्रीत सिंह, स्त्री सत्संग सभा एवं ज्ञानी फुलबीर सिंह सहित विभिन्न विद्वतजन शिरकत करेंगे। गुरु का अटूट लंगर दिनभर वितरित किया जाएगा । प्रधानसाहब गुलजीत सिंह साहनी एवं प्रबंधक कमेटी ने साध संगत से उपस्थिति की अपील की है।

### शोक सभा एवं अरदास आज

बरगी डैम के हौलनाक हादसे में असमय मौत की आगोश में समा जाने वाले मृतकों की आत्मिक शांति हेतु जबलपुर सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी द्वारा गुरुद्वारा गोरखपुर में आज प्रातः 8.30 बजे शोक सभा एवं अरदास का आयोजन किया जाएगा । अध्यक्ष रजिंदर सिंह छावड़ा एवं कमेटी ने उपस्थिति की अपील की है।